**दिनांक–19.06.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Construction of Block-cum-Circle Office at Block- Rupauli, Dist- Purnea for the year 2025-26 (Tender Id-127886) कार्य के लिए आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाहीः–**

उपस्थितिः–

(i) श्री प्रणव कुमार, सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। – अध्यक्ष

(ii) श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। – सदस्य

(iii) ई0 रामाज्ञा कुमार, मुख्य अभियंता (उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना। – सदस्य

(iv) श्री विकास कुमार पाण्डेय, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। – सदस्य

| | | |
|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – Construction of Block-cum-Circle Office at Block-Rupauli, Dist- Purnea for the year 2025-26 |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – ₹16,62,10,000/– (ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक–3556556 दिनांक– 10.01.2025) |
| 3. | तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि (विद्युत कार्य सहित) | – ₹15,74,02,946/– (मुख्य अभियंता(नि0) का पत्रांक 934 (नि0) अनु0 दिनांक–10.07.2025 एवं मुख्य विद्युत अभियंता का ज्ञापांक–732 (वि0), दिनांक–01.07.2025) |
| 4. | योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | – ₹15,33,29,705/- |
| 5. | निविदा आमंत्रण की तिथि | – 26.02.2026 |
| 6. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि | – 15.04.2026 |
| 7. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि | – 16.04.2026 |
| 8. | प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय | – (a) दिनांक– 02.04.2026 को 3.00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, पूर्णियाँ के कार्यालय कक्ष में।<br>(b) दिनांक–09.04.2026 को 3.00 बजे मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | कार्य समाप्ति की अवधि | – 15 (पन्द्रह) माह |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – दैनिक समाचार पत्र। |
| 12. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन का पी0 आर0 संख्या | – पी0आर0सं0–025349(भवन)2025–26 |
| 13. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | – (i) NAVBHARTI BUILDERS (INDIA) PVT LTD, KHAP TOLA, NAUTAN, WEST CHAMPARAN,BETTIAH (BCD Class-1, Reg. no.- 1240034)<br>– (ii) CHANDAN KUMAR SINGH, COLONY NO-01, DURGAASTHAN, KATIHAR (BCD Class-1, Reg. no.- 1210068)<br>– (iii) RAGINI ENTERPRISES PROP RAGINI KUMARI, CO OPERATIVE COLONY MADHOPARA,PURNEA (BCD Class-1, Reg. no.- 1250124) |

14. **प्रथम बार आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-**

दिनांक-08.09.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा में कोई भी निविदाकार के सफल नहीं पाये जाने के कारण वित्त विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं0-7806, दिनांक-30.09.2016 के आलोक में निविदा को रद्द कर **'पुनर्निविदा' करने का निर्णय लिया गया।**

15. **द्वितीय बार आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-**

दिनांक-19.02.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में कोई भी निविदाकार के सफल नहीं पाये जाने के कारण वित्त विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं0-7806, दिनांक-30.09.2016 के आलोक में निविदा को रद्द कर **'पुनर्निविदा' करने का निर्णय लिया गया।**

16. **वर्त्तमान में (तृतीय बार) आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-**

विषयांकित कार्य हेतु तृतीय बार आमंत्रित निविदा में उपरोक्त तीन निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। उक्त तीनों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, पूर्णियाँ के पत्रांक 1018 अनु0 दिनांक 04.05.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तीनों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों की जाँच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले सभी निविदाकारों द्वारा समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण पत्र की जाँच में यदि अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड के अभिलेखों के मुल्यांकनोपरांत/ जाँचोपरान्त पाया किः-

(i) प्रथम निविदाकार NAVBHARTI BUILDERS (INDIA) PVT LTD, KHAP TOLA, NAUTAN, WEST CHAMPARAN,BETTIAH (BCD Class-1, Reg. no.- 1240034) हैं। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा Amount of Works for which Bid already Submitted को छुपाया गया है। एस0बी0डी0 की कंडिक-4.2(i) के अन्तर्गत मांगे गये Bank Credit Facilities संलग्न नही किया गया है एवं एस0बी0डी0 की कंडिक-16.1(d) के अन्तर्गत मांगे गये EMD के कागजात संलग्न नही किया गया है। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की कंडिका-4.2(i), 16.1(d) एवं section 2-1.4(b) के तहत **"नॉन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(ii) द्वितीय निविदाकार CHANDAN KUMAR SINGH, COLONY NO-01, DURGAASTHAN, KATIHAR (BCD Class-1, Reg. no.- 1210068) हैं। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में **"रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"सफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(iii) तृतीय निविदाकार RAGINI ENTERPRISES PROP RAGINI KUMARI, CO OPERATIVE COLONY MADHOPARA,PURNEA (BCD Class-1, Reg. no.- 1250124) हैं। उक्त निविदा में अनुभव प्रमाण-पत्र के सत्यापन के क्रम में कार्यपालक अभियंता, PWD, Bongaigaon, Assam के द्वारा ई0-मेल के माध्यम से प्रतिवेदित किया गया है कि इनके द्वारा संलग्न अनुभव प्रमाण पत्र सं0-1149 दिनांक-30.05.2025 इस कार्यालय से निर्गत नहीं किया गया है। अतः इन्हें **"नॉन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

17. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-**

सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से तृतीय बार आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड **में भाग लिये तीन निविदाकारों में से एकमात्र निविदाकार** i) CHANDAN KUMAR SINGH, COLONY NO-01, DURGAASTHAN, KATIHAR (BCD Class-1, Reg. no.- 1210068) को तकनीकी बीड में **"सफल" एवं अन्य दो निविदाकार** i) NAVBHARTI BUILDERS (INDIA) PVT LTD, KHAP TOLA, NAUTAN, WEST CHAMPARAN,BETTIAH (BCD Class-1, Reg. no.- 1240034) एवं ii) RAGINI ENTERPRISES PROP RAGINI KUMARI, CO OPERATIVE COLONY MADHOPARA,PURNEA (BCD Class-1, Reg. no.- 1250124) को **"असफल"** घोषित करने तथा इस निविदा में निविदाकार RAGINI ENTERPRISES PROP RAGINI KUMARI, CO OPERATIVE COLONY MADHOPARA,PURNEA (BCD Class-1, Reg. no.- 1250124) द्वारा निविदा प्राप्त करने के लिए गलत/फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित करने के कारण **बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत** समुचित कार्रवाई करने का अनुशंसा की जाती है। साथ ही उक्त अनुशंसा पर सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया। तद्‌लोक में मुख्य अभियंता (उत्तर) अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

18. **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

विषयांकित कार्य Construction of Block-cum-Circle Office at Block- Rupauli, Dist- Purnea for the year 2025-26 (Tender Id-127886) का निर्माण कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक- **14.05.2026** की बैठक में की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। साथ ही समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही की प्रति को विभागीय बेवसाईट पर रखा जाय। दिनांक- **25.06.2026** के पूर्वाह्न-**10:00** बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की परिवाद/आपत्ति यदि प्राप्त होती है तो मुख्य अभियंता(उत्तर) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु अगली विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की परिवाद/आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में मुख्य अभियंता(उत्तर) तकनीकी बीड में सफल एकमात्र निविदाकार का वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे।

19. विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15/6/26 (हस्ताक्षर) 19/6/26 | (हस्ताक्षर) 19.6.26 | (हस्ताक्षर) 19.6.26 | (हस्ताक्षर) 19/6/26 |
| (विकास कुमार पाण्डेय) | (रामाज्ञा कुमार) | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर) | (प्रणव कुमार) |
| आन्तरिक वित्तीय सलाहकार<br>भ०नि०वि०, पटना। | मुख्य अभियंता(उत्तर)<br>भ०नि०वि०, पटना। | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,<br>भ०नि०वि०, पटना। | सचिव<br>भ०नि०वि०, पटना। |

**मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय**

**भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

ज्ञापांक- भ०उ०वि०/यो०(पू०)-77/2025-3137 पटना, दिनांकः- 19/6/26

प्रतिलिपि-आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 19.6.26

मुख्य अभियंता (उत्तर)।